# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 20.05.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- चार जून को होने वाली मतगणना के लिए द्वीपों में तैयारियां पूरी कर ली गई है।
- सांसद कुलदीप राय शर्मा ने द्वीपसमूह में बिजली कटौती का स्थाई समाधान करने के लिए मुख्य सचिव को पत्र लिखा है।
- भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने व्यापारियों को फलों को कृत्रिम रूप से पकाने के लिए इस्तेमाल में लाए जाने वाले कैल्शियम कार्बाइड पर प्रतिबंध का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है।
- उद्यमी और पायलट गोपी तोटाकुरा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय पर्यटक बन गए हैं।
- द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई।

<><><><><><><>

चार जून को होने वाली मतगणना के लिए द्वीपों में तैयारियां पूरी कर ली गई है। अंडमान निकोबार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में बताया कि जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मतगणना केन्द्र के दो हॉल में मतगणना का कार्य सम्पन्न होगा। दोनों हॉल में मतगणना के लिए कुल अट्ठाईस टेबल लगाए जाएंगे।

<><><><><><><>

सांसद कुलदीप राय शर्मा ने द्वीपसमूह में बिजली कटौती का स्थाई समाधान करने के लिए मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। अपने पत्र में सांसद ने कहा कि बिजली की कटौती के कारण छोटे कारोबारियों और आम जनता को काफी असुविधा हो रही है। सांसद ने इस समस्या का स्थाई समाधान खोजने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने फलों का कारोबार करने वाले व्यापारियों को फलों को कृत्रिम रूप से पकाने के लिए इस्तेमाल में लाए जाने वाले कैल्शियम कार्बाइड पर प्रतिबंध का सख्ती से

अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। पत्र सूचना कार्यालय की एक विज्ञप्ति में आम के इस मौसम में इस आदेश का पालन सुनिश्चित करने के साथ प्राधिकरण ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के खाद्य सुरक्षा विभागों को सतर्क रहने और आदेश का उल्लंघन करने वाले ऐसे सभी कारोबारियों से सख्ती से निपटने और कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। कैल्शियम कार्बाइड, आमतौर पर आम जैसे फलों को पकाने के लिए उपयोग किया जाता है, इससे एसिटिलीन गैस निकलता है जिसमें आर्सेनिक और फास्फोरस के हानिकारक अंश होते हैं। ये पदार्थ, जिन्हें 'मसाल' के नाम से भी जाना जाता है, चक्कर आना, मुँह सूखना, जलन, कमजोरी, निगलने में कठिनाई, उल्टी और त्वचा के अल्सर आदि जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकते हैं। इसके अलावा, एसिटिलीन गैस के साथ काम करने वालों के लिए भी उतनी ही खतरनाक है। इन खतरों के कारण, खाद्य सुरक्षा और मानक विनियम, दो हजार ग्यारह के विनियमन के तहत फलों को पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। आम उपभोक्ता इस बारे में अपनी शिकायतें संबंधित राज्यों के खाद्य सुरक्षा आयुक्तों को कर सकते हैं। विवरण दिए गए लिंक पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

उद्यमी और पायलट गोपी तोटाकुरा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय पर्यटक बन गए हैं। उन्हें अमेज़ॅन के संस्थापक जेफ बेजोस के ब्लू ओरिजिन के एनएस –पच्चीस मिशन के लिए छह सदस्यों के चालक दल में चुना गया था। वे उन्नीस सौ चौरासी में सेना के विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय चालक बन गए हैं। ब्लू ओरिजिन की सातवीं मानव उड़ान, एनएस –पच्चीस, आज सुबह पश्चिमी टेक्सास में लॉन्च साइट वन से लॉन्च की गई।

<><><><><><><>

सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय की ओर से अनुसूचित जाति और ओ बी सी के विद्यार्थियों के लिए निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है। इसका उद्देश्य इस वर्ग के उम्मीदवारों को बेहतर कोचिंग प्रदान करना है, ताकि वे प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं में शामिल हो सके और सरकारी, निजी क्षेत्रों में रोजगार पा सके या तकनीकी या पेशेवर उच्च शिक्षण संस्थानों में उनका दाखिला हो सके। एस सी और ओ बी सी वर्ग के ऐसे विद्यार्थी, जिनकी पारिवारिक आमदनी सालाना किसी भी स्रोत से आठ लाख रूपये या उससे कम है, वे निशुल्क कोचिंग प्राप्त कर सकते हैं। विद्यार्थियों के पास वैध आधार नम्बर और बैंक खाता होना जरूरी है। आवेदन करते समय यदि किसी विद्यार्थी के पास आधार नम्बर नहीं है, तो वे ई आई डी नम्बर जमा कर सकते हैं। हालांकि इस मामले में भुगतान तभी जारी किया जाएगा, जब आवेदक के पास

आधार नम्बर होगा और उन्हें यह भुगतान आधार सिडेड बैंक खाते में ही हो पाएगा। इस बारे में और जानकारी के लिए उम्मीदवारों को दिए गए पोर्टल पर सीधे आवेदन करना होगा। इस महीने की इक्कतीस तारीख आवेदन करने की अंतिम तिथि हैं।

<><><><><><><>

महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार हर वर्ष असाधारण बहादुरी का योगदान देने वाले बच्चों के अलावा असाधारण उपलब्धियां हासिल करने वाले बच्चों को उनके योगदान के लिए दिया जाता है। खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला और संस्कृति और नवाचार जैसे क्षेत्रों में अभूतपूर्व योगदान देने वाले युवाओं को पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। हर वर्ष जनवरी में आयोजित होने वाले विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इस वर्ष इक्कतीस जुलाई तक पांच वर्ष से अट्ठारह वर्ष आयु वर्ग तक के भारतीय नागरिक, जो भारत में ही निवास करते हैं, वे पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते है। आवेदन स्वीकार करने के लिए पोर्टल एक अप्रैल से खुल चुकी है। इक्कतीस जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन फार्म स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक बच्चे इसमें आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अतुल स्मृति समिति पोर्ट ब्लेयर पच्चीस मई को अपना स्थापना दिवस और काज़ी नज़रूल इस्लाम की जयंती मनाएगा। इस सिलसिले में पच्चीस मई को शाम सात बजे से बंगाल क्लब परिसर में कार्यक्रम आयोजित होगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। हटबे में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक बारह दशमलव छः मिलीमीटर, मायाबंदर में छः, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में पांच दशमलव चार, लांग आइलैंड में दो और पोर्ट ब्लेयर में एक दशमलव सात मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मछुआरों को अगले पांच दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया कि चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी और समुद्र काफी अशांत रहेगा। मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। निकोबार द्वीप के कुछ भागों में कल भारी वर्षा होने की भी संभावना है। छब्बीस मई तक द्वीपों के अधिकांश भागों में वर्षा होगी या गरज के साथ छींटे पड़ेंगे।

<><><><><><><>